चार विधानसभा के 42 प्रत्याशियों को प्रतीक चिन्ह आबंटित

रायगढ़। विधानसभा आम निर्वाचन-2023 अंतर्गत जिले के चार विधानसभा क्षेत्र से निर्वाचन लड़ने वाले कुल 42 प्रत्याशियों को प्रतीक चिन्ह का आबंटन किया गया है। इनमें विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-15 लैलूंगा से 8 प्रत्याशी, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-16 रायगढ़ से 19 प्रत्याशी, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-18 खरसिया से 8 प्रत्याशी तथा विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-19 धरमजयगढ़ से 7 प्रत्याशी शामिल है।

जिला निर्वाचन कार्यालय, रायगढ़ से प्राप्त जानकारी के अनुसार विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-15 लैलूंगा से 8 अभ्यर्थियों में जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे.) से मनीषा गोंड को वर्ग में हल जोतता किसान, इंडियन नेशनल कांग्रेस से विद्यावती सिदार को हाथ, भारतीय जनता पार्टी से सुनीती सत्यानंद राठिया को कमल, हमर राज पार्टी से अजय कुमार पंकज को बाल्टी, गोंडवाना गणतंत्र पार्टी से रघुवीर राठिया को आरी, बहुजन मुक्ति पार्टी से श्रवण भगत को चारपाई, निर्दलीय में भजन सिदार को एअरकंडीस्नर तथा निर्दलीय में महेन्द्र कुमार सिदार को ब्लैकबोर्ड प्रतीक चिन्ह का आबंटन किया गया है।

विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-16 रायगढ़ से 19 अभ्यर्थियों में भारतीय जनता पार्टी से ओमप्रकाश चौधरी को कमल, आम आदमी पार्टी से गोपाल बापोडिय़ा को झाड़ू, बहुजन समाज पार्टी से पुष्पलता टंडन को हाथी, इंडियन नेशनल कांग्रेस से प्रकाश शक्राजीत नायक को हाथ, जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे. से मधुबाई को वर्ग में हल जोतता किसान, आजाद जनता पार्टी से कान्ति साहू को गन्ना किसान, समाजवादी पार्टी से नजीर अहमद को साइकिल, हमर राज पार्टी से भवानी सिंह सिदार को बाल्टी, छत्तीसगढ़ समाज पार्टी से भुवनलाल पटेल अधिवक्ता को टीलर, जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी से सुनील मिंज को छड़ी, निर्दलीय अशोक गार्डिया को एअरकंडीस्नर, निर्दलीय से इबरार अहमद को सेब, निर्दलीय से गुरूवारी जीनत परवीन को नारियल फार्म, निर्दलीय से गोपिका गुप्ता को सिलाई की मशीन, निर्दलीय से नारायणदास को अलमारी, निर्दलीय से ब्रजमोहन अग्रवाल (बिल्लू) को हान्डी, निर्दलीय से राधेश्याम शर्मा को बेबी वॉकर, निर्दलीय से शंकर लाल अग्रवाल को ऑटो रिक्शा, निर्दलीय से सुरेन्द्र सिदार को गुब्बारा प्रतीक चिन्ह का आबंटन किया गया है।

विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-18 खरसिया से 8 अभ्यर्थियों में इंडियन नेशनल कांग्रेस से उमेश पटेल को हाथ, जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे से परिमल यादव को वर्ग में हल जोतता किसान, आम आदमी पार्टी से प्रवीण जायसवाल को झाड़ू, भारतीय जनता पार्टी से महेश साहू को कमल, हमर राज पार्टी से भवानी सिंह सिदार को बाल्टी, जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी से यशवंत निषाद को छड़ी, निर्दलीय से गोवर्धन राठिया को एअरकंडीशनर एवं निर्दलीय से विनोद चन्द्र सिंह राठौर को बैटरी टार्च प्रतीक चिन्ह का आबंटन किया गया है।

विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-19 धरमजयगढ़ से 7 अभ्यर्थियों में जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे.)से जोगेन्द्र एक्का को वर्ग में हल जोतता किसान, इंडियन नेशनल कांग्रेस से लालजीत सिंह राठिया को हाथ, बहुजन समाज पार्टी से सत्यबती राठिया को हाथी, भारतीय जनता पार्टी से हरिशचन्द्र राठिया को कमल, बहुजन मुक्ति पार्टी से अनुप बरवा को चारपाई, हमर राज पार्टी से महेन्द्र सिदार को बाल्टी एवं निर्दलीय से सुनील खेस्स को नारियल फार्म प्रतीक चिन्ह का आबंटन किया गया है।

7 से 30 नवम्बर तक निर्वाचन संबंधी एक्जिट पोल, परिणाम प्रकाशन एवं प्रचार-प्रसार पर भारत निर्वाचन आयोग ने लगाया है प्रतिबंध

रायगढ़। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजीव कुमार पाण्डेय ने जानकारी देते हुए बताया कि विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2023 एक्जिट पोल के संबंध में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी अधिसूचना में लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा के अधीन शक्तियों का प्रयोग करते हुए निर्वाचन आयोग के उक्त धारा की उपधारा के उपबंधों के दृष्टिगत 7 नवम्बर 2023 को पूर्वान्ह 7 बजे से 30 नवम्बर 2023 को अपरान्ह 6.30 बजे के बीच की अवधि को, ऐसी अवधि के रूप में अधिसूचित करता है जिसके दौरान ऊपर उल्लेखित साधारण निर्वाचनों एवं उप निर्वाचन के संदर्भ में किसी भी प्रकार के एक्जिट पोल का आयोजन करने तथा प्रिंट या इलेक्ट्रानिक मीडिया द्वारा इसके परिणाम के प्रकाशन या प्रचार अथवा किसी भी अन्य तरीके से उसका प्रचार-प्रसार करने पर प्रतिबंध रहेगा। साथ ही स्पष्ट किया गया है कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा के अधीन उपर्युक्त साधारण निर्वाचन एवं उप निर्वाचन से संबंधित मतदान क्षेत्रों में मतदान की समाप्ति के लिए नियत समय पर समाप्त होने वाले 48 घंटों के दौरान किसी भी इलेक्ट्रानिक मीडिया में किसी भी ओपनियन पोल या किसी अन्य मतदान सर्वेक्षण के परिणामों सहित किसी भी प्रकार के निर्वाचन संबंधी मामले के प्रदर्शन पर प्रतिबंध होगा।

महत्वपूर्ण एवं खास

कलेक्टोरेट सारंगढ़ में द्वितीय रेन्डमाइजेशन चार नवंबर को होगा

सभी अभ्यर्थी को शामिल होने के लिए जारी किया गया पत्र

सारंगढ़ बिलाईगढ़ । विधानसभा आम निर्वाचन 2023 अंतर्गत जिले के दोनों विधानसभा सारंगढ़ और बिलाईगढ़ के मतदान केन्द्रों में उपयोग होने वाले ईव्हीएम और व्हीव्हीपैट मशीनों के द्वितीय रेंडमाइजेशन 04 नवंबर 2023 को प्रातः 11 बजे कलेक्टोरेट सभाकक्ष सारंगढ़ में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी और सामान्य प्रेक्षकगण की उपस्थिति में किया जाना है, जिसमें ईव्हीएम और व्हीव्हीपैट मशीनों को मतदान केन्द्र आबंटित किया जाएगा। इस संबंध में जिला निर्वाचन कार्यालय से सभी अभ्यर्थियों को पत्र भी जारी किया गया है।

सभी प्रत्याशी के व्यय लेखा का 6 नवंबर को होगा प्रथम जांच

सारंगढ़ बिलाईगढ़। विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत विधानसभा सारंगढ़-17 और बिलाईगढ़-43 के सभी अभ्यर्थियों के व्यय लेखा का मिलान और प्रेक्षक के समक्ष प्रथम जांच 06 नवंबर 2023 को कार्यालय मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत सारंगढ़ में प्रातः 10 बजे से शाम 5 बजे तक किया जाएगा। उप जिला निर्वाचन अधिकारी जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ ने पत्र जारी कर कहा है कि सभी प्रत्याशी निर्धारित तिथि 06 नवंबर 2023 को प्रथम जांच, 10 नवंबर 2023 को द्वितीय जांच और 15 नवंबर 2023 को तृतीय जांच के लिए सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक अपने समस्त दस्तावेजों के साथ उपस्थिति देना सुनिश्चित करें।

मंडी परिसर सारंगढ़ में 06 नवंबर से 8 नवंबर तक होगा कमीशनिंग

सारंगढ़ बिलाईगढ़ । विधानसभा आम निर्वाचन 2023 अंतर्गत जिले के सारंगढ़ और बिलाईगढ़ के मतदान केन्द्रों में उपयोग होने वाले ईव्हीएम और व्हीव्हीपैट मशीनों की कमीशनिंग कार्य 06 नवंबर 2023 से 08 नवंबर 2023 तक निर्वाचन कार्य के लिए चयनित स्थल मंडी परिसर (कलेक्टोरेट के बाजू) सारंगढ़ के कमीशनिंग हाल में संपन्न किया जाएगा।

आब्जर्वर को मोबाइल नंबर से भी संपर्क कर सकते हैं आम नागरिक

सारंगढ़ बिलाईगढ़। कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित राजनीतिक दलों की बैठक में पुलिस प्रेक्षक राजेन्द्र कुमार मीणा ने अभ्यर्थी और उनके प्रतिनिधियों को कहा कि जिले में आदर्श आचरण संहिता का उल्लंघन यदि हो रहा है तो सभी आब्जर्वर का मोबाइल नंबर प्रेस के माध्यम से भी उपलब्ध कराया गया है। संबंधित आब्जर्वर से संपर्क कर अपनी बात-शिकायत, सुझाव बता सकते हैं। सी-विजिल से भी शिकायत कर सकते हैं। इस अवसर पर सामान्य प्रेक्षक तापस राय (आईएएस), सामान्य प्रेक्षक पवन कुमार (आईएएस), व्यय प्रेक्षक रत्नेश कुमार सिंह (आईआरएएस), कलेक्टर डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी, पुलिस अधीक्षक आशुतोष सिंह, अपर कलेक्टर निष्ठा पांडेय तिवारी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रकाश भारद्वाज सहित सहायक व्यय प्रेक्षक, सहायक रिटर्निंग अधिकारी आदि उपस्थित थे।

सामान्य प्रेक्षक तापस राय ने टेंगनापाली, कोतरी, रेड़ा, जिल्दी, मौहापाली के मतदान केन्द्र का किया निरीक्षण

सारंगढ़ बिलाईगढ़। सारंगढ़ विधानसभा-17 के सामान्य प्रेक्षक तापस राय ने सारंगढ़ से रायगढ़ रोड के मतदान केन्द्र घसियापारा, टेंगनापाली, कोतरी, रेड़ा, जिल्दी व उनके अधीनस्थ मौहापाली मतदान केन्द्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान राय ने सहायक रिटर्निंग अधिकारी नेत्रप्रभा सिदार को मतदान केन्द्र में आवश्यक सुविधा के संबंध में निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान राय ने कहा कि मतदान के दिन और मतदान के 48 घंटे पूर्व मतदान केन्द्र के 100 मीटर के अंदर बैनर, पोस्टर, दीवार लेखन एवं प्रचार-प्रसार नही होना चाहिए।

धान उपार्जन के लिए राज्य स्तरीय नियंत्रण केन्द्र स्थापित

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी विपणन संघ मर्यादित (मार्कफेड) के मुख्यालय में खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन हेतु राज्य स्तरीय नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। नियंत्रण कक्ष का दूरभाष क्रमांक 0771-2425450, 2425463 है। कंट्रोल रूम के प्रभारी अधिकारी एवं नोडल अधिकारी प्रबंधक आईटी विपणन अमरदीप टोप्पो हैं। नियंत्रण कक्ष में जिन अधिकारी-कर्मचारियों को पदस्थ किया गया है वे प्राप्त शिकायतों एवं समस्याओं, सुझावों को पंजीबद्ध करेंगे तथा विपणन कक्ष के प्रमुख अधिकारी के समक्ष तत्काल प्रस्तुत करेंगे।

दीपावली त्यौहार के मद्देनजर पटाखा दुकानदारों के लिए दिशा-निर्देश जारी

रायगढ़। जिला सेनानी एवं जिला अग्निशमन अधिकारी, नगर सेना रायगढ़ द्वारा दीपावली त्यौहार के दौरान अग्निशमन व्यवस्था को दूरस्त रखने हेतु प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी स्थानीय पटाखा दुकानदारों को दुकान लगाने हेतु दिशा-निर्देश दिए गए है। जिसके तहत पटाखा दुकान किसी भी ज्वलनशील पदार्थ जैसे कपड़े, बांस, रस्सी, टेंट इत्यादि से नहीं बना होना चाहिए। पटाखा दुकान को लोहे के पाइप, टीनशेड एंगल से बनाना होगा, प्रत्येक दुकान के बीच में तीन मीटर की दूरी अनिवार्य है तथा एक दुकान के सामने दूसरी दुकान न बनायी जाए। पटाखा दुकानों में प्रकाश व्यवस्था हेतु किसी भी प्रकार के तेल का लैंप, गैस लैंप एवं खुली बिजली बत्ती का प्रयोग प्रतिबंधित होना चाहिए। पटाखा दुकान से 50 मीटर के अंदर आतिशबाजी प्रदर्शन प्रतिबंधित होगा। फटाखा दुकान ट्रांसफार्मर के आसपास और उसके ऊपर से हाईटेंशन लाईन नहीं गुजरना चाहिए। दुकानों में विद्युत तारों में ज्वाइंट खुला नहीं होना चाहिए एवं मास्टर स्वीच में फ्यूज या सर्किट ब्रेकर लगा होना चाहिए। प्रत्येक दुकानों में 5 किलो के क्षमता वाले अग्निशमन यंत्र (डीसीपी)रखने होंगे तथा 200 लीटर पानी क्षमता का ड्रम के साथ बाल्टी व्यवस्था होनी चाहिए। पटाखा दुकान के सामने बाईक/कार पार्किंग प्रतिबंधित होना चाहिए। दुकानों में अग्निशमन कार्यालस एवं एम्बुलेंस का संपर्क नंबर दुकान परिसर में प्रदर्शित करना होगा। अग्निशमन वाहन मूव्हमेंट के लिए पर्याप्त स्थान होना चाहिए। अग्निशमन विभाग की टीम द्वारा निरीक्षण किया जाएगा। उक्त निर्देशों का सख्ती से पालन करना अनिवार्य होगा।

दो किराना दुकान पर रेड में मिले पटाखे को विस्फोटक अधिनियम के तहत किया गया जब्त

- अवैध रूप से फटाखा बेचने वालों पर की गई कार्यवाही
- लैलूंगा पुलिस ने की कार्यवाही
- आचार संहिता के दौरान लैलूंगा पुलिस की कार्यवाही जारी

रायगढ़। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार के दिशा निर्देशन पर एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजय महादेवा, एसडीओपी धरमजयगढ़ दीपक मिश्रा के मार्गदर्शन में विधानसभा चुनाव को लेकर विभिन्न गतिविधियों पर नजर रखकर लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी तारतम्य में कल दिनांक 02.11.2023 को क्षेत्र में पेट्रोलिंग के दौरान मुखबिर से सूचना पर थाना प्रभारी लैलूंगा निरीक्षक मोहन भारद्वाज के नेतृत्व में लैलूंगा-रायगढ़ रोड़ में कन्हैया अग्रवाल द्वारा एवं ग्राम झागरपुर में कमलेश अग्रवाल द्वारा के किराना दुकान में अवैध रूप से फटाखा रखकर बिक्री की सूचना पर रेड कार्यवाही किया गया। दोनों व्यक्ति - कन्हैया अग्रवाल पिता बंसीधर अग्रवाल उम्र 46 साल निवासी लेलूंगा थाना लैलूंगा जिला रायगढ़ एवं कमलेश कुमार अग्रवाल पिता मांगेराम अग्रवाल उम्र 42 साल निवासी ग्राम झगरपुर थाना लैलूंगा जिला रायगढ़ को लैलूंगा पुलिस स्टाफ द्वारा फटाका रखने एवं बिक्री करने के संबंध में वैध दस्तावेज पेश करने नोटिस दिया गया जो वैद्य दस्तावेज पेश करने में असफल रहे जिससे दोनों व्यक्तियों के कब्जे से विभिन्न प्रकार के फटाखा जब्त कर थाना लैलूंगा में विस्फोटक अधिनियम के तहत विधिवत कार्यवाही की गई है।

कार्यवाही में निरीक्षक मोहन भारद्वाज, सहायक उप निरीक्षक चंदन सिंह नेताम, प्रधान आरक्षक परमेश्वर पैकरा, आरक्षक हेलारूस तिर्की व राजू तिग्गा का विशेष योगदान रहा।

पश्चिमी विक्षोभ के असर से बदला मौसम का मिजाज

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ में हल्की और गुलाबी ठंड की दस्तक के बीच अचानक मौसम का मिजाज बदल गया है। पश्चिमी विक्षोभ के असर से मौसम में यह बदलाव देखा जा रहा है। राजधानी रायपुर में दोपहर करीब 1 बजे हल्की बारिश दर्ज की गई। मौसम विभाग ने इसके लिए पूर्वानुमान जारी कर दिया था। मौसम विभाग की मानें, तो आज गुरुवार को प्रदेश के एक-दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने की संभावना है। इस तरह की स्थिति दो-तीन दिनों तक बने रहने की संभावना है। बताया जा रहा है कि पश्चिमी विक्षोभ के कारण बारिश होगी। तापमान सामान्य से 5 डिग्री सेल्सियस ज्यादा है। तीन दिनों बाद तापमान में गिरावट संभावित है। वहीं रायपुर में 32, माना एयरपोर्ट में 31.4, बिलासपुर में 30.5, पेंड्रा रोड में 28, अंबिकापुर में 27.6, जगदलपुर में 33.02 दुर्ग में 31.8 राजनांदगांव में 31 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया।

कलेक्टर गोयल विधान सभावार चल रहे मतदान दलों के ट्रेंनिग का किया निरीक्षण

- ट्रेंनिग में पहुंचे कलेक्टर, प्रशिक्षणार्थियों के शंकाओं को किया दूर
- अनुपस्थित अधिकारियों पर कार्यवाही के दिए निर्देश

रायगढ़। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कार्तिकेया गोयल ने आज विधान सभावार मतदान दलों के चल रहे प्रशिक्षण का किया निरीक्षण किया। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजीव पाण्डेय उपस्थित रहें।

उल्लेखनीय है कि सुव्यवस्थित निर्वाचन संपन्न कराने हेतु विधान सभावार मतदान दलों को द्वितीय प्रशिक्षण दिया जा रहा है। शासकीय कला एवं विज्ञान महाविद्यालय एवं किरोड़ीमल शासकीय पालीटेक्निक कालेज में आयोजित प्रशिक्षण में कलेक्टर गोयल पहुंचे थे। इस मौके पर उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों से कहा कि सभी अपने टीम के सदस्यों के साथ बैठ कर प्रशिक्षण प्राप्त करें। इससे आपकी टीम और समन्वय बेहतर होगी। उन्होंने कहा कि टीम के प्रत्येक सदस्यों को मशीन के सभी पहलुओं की जानकारी होनी चाहिए। इस दौरान उन्होंने प्रशिक्षण कक्ष का अवलोकन किया और प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे अधिकारियों से प्रश्नोत्तर भी किए और मौके पर उन्होंने अधिकारियों के शंकाओं का समाधान भी किया।

उन्होंने महिला अधिकारियों की आश्वस्त किया कि मतदान ड्यूटी में उन्हें किसी प्रकार की समस्या नही हो इसका खास ख्याल रखा जा रहा हैं। उन्होंने कहा कि पूर्व में कम समयावधि होने के कारण सभी अधिकारियों को मशीनों का हैंड्स ऑन ट्रेनिंग नही मिल पाता था, जिसके कारण मांग अनुसार समयावधि को बढ़ाया गया हैं। जिससे सभी बेहतर तरीके से मशीनों से संचालन कर पाए। कलेक्टर गोयल पोस्टल बैलेट कक्ष में पहुंचकर प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे अधिकारियों के पोस्टल बैलेट फार्म जमा करवाने के निर्देश दिए। मौके पर उन्होंने अधिकारियों की उपस्थिति की जानकारी ली तथा अनुपस्थित अधिकारियों पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

चार विधान सभाओं के मतदान दलों का इन केन्द्रों में हो रहा प्रशिक्षण- कलेक्टर गोयल के निर्देशन में निर्वाचन कार्य के बेहतर क्रियान्वयन हेतु जिले के चार विधान सभाओं के मतदान दलों को विधान सभावार प्रशिक्षण दिया जा रहा हैं। जिसमें विधान सभा क्षेत्र क्रमांक-15 लैलूंगा के लिए किरोड़ीमल शासकीय कला एवं विज्ञान महाविद्यालय रायगढ़, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-16 रायगढ़ के लिए पीडी कॉमर्स कॉलेज रायगढ़, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक खरसिया-18 के लिए शा.नटवर इंग्लिश मीडियम स्कूल रायगढ़ एवं विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-19 धरमजयगढ़ कि.शा.पालीटेक्निक रायगढ़ को प्रशिक्षण केंद्र बनाया गया हैं।

ओपन स्कूल : हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्डरी परीक्षा परिणाम घोषित

- हाई स्कूल का परीक्षाफल 24.47 और हायर सेकेण्डरी का 32.52 प्रतिशत

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ राज्य ओपन स्कूल द्वारा आयोजित हाई स्कूल और हायर सेकेण्डरी सर्टिफिकेट परीक्षा सितम्बर-अक्टूबर 2023 का परीक्षा परिणाम आज घोषित कर दिया गया है। हाई स्कूल का परीक्षाफल 24.47 प्रतिशत और हायर सेकेण्डरी का परीक्षाफल 32.52 प्रतिशत रहा है।

हाई स्कूल की परीक्षा में कुल 16,923 छात्रों का पंजीयन हुआ, जिसमें 15,587 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए। सात परीक्षार्थियों का परीक्षाफल विभिन्न कारणों से रोका गया है। 15,580 परीक्षार्थियों का परीक्षा परिणाम जारी किया गया। कुल 3813 परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए तथा परीक्षाफल 24.47 प्रतिशत रहा है। इसी तरह हायर सेकेण्डरी परीक्षा के लिए 18983 परीक्षार्थियों ने पंजीयन कराया था, जिसमें से 17841 परीक्षा में शामिल हुए। जिसमें से 2073 छात्र आरटीडी योजना अंतर्गत सम्मिलित हुए। तीन परीक्षार्थियों का परीक्षाफल विभिन्न कारणों से रोका गया। 15801 परीक्षार्थियों का परीक्षा परिणाम जारी किया गया। इनमें 5139 परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए और परीक्षाफल 32.52 प्रतिशत रहा है।

छत्तीसगढ़ राज्य ओपन स्कूल के सचिव ने बताया कि परीक्षा परिणाम छात्र ओपन स्कूल की वेबसाइट से प्राप्त कर सकते हैं। अनुत्तीर्ण छात्र परीक्षा के आवेदन फॉर्म अपने अध्ययन केन्द्र से भरकर आगामी परीक्षा में सम्मिलित हो सकते हैं।

चौकी रैरूमाखुर्द पुलिस की शराब रेड कार्यवाही में 37 लीटर महुआ शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

रायगढ़। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजय महादेव व पुलिस अनुविभाग अधिकारी धरमजयगढ़ दीपक मिश्रा के मार्गदर्शन पर अनुविभाग में जुआ, सट्टा, अवैध शराब, गांजा के अवैध बिक्री, परिवहन पर अंकुश लगाने लगातार अभियान चलाकर कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में कल दिनांक 02.11.2023 को पेट्रोलिंग दौरान चौकी प्रभारी रैरूमाखुर्द उप निरीक्षक ऐनु कुमार देवांगन को बाकारूमा में मुखबिर से सूचना मिली कि बरखापारा निवासी राम राठिया अपने घर आंगन में अवैध रूप से जरकिन एवं बोतलों में रखकर देशी महुआ शराब की बिक्री कर रहा है। सूचना पर तत्काल रैरूमाखुर्द पुलिस द्वारा रेड कार्यवाही किया गया जिसमें आरोपी राम राठिया पिता सुबेचंद राठिया उम्र 39 साल निवासी बकरापारा चौकी रैरूमाखुर्द थाना धर्मजयगढ़ के कब्जे से जरकिन एवं बोतलों में भरा हुआ 37.250 बल्क लीटर देशी महुआ शराब कीमती 6050 रुपए का बरामद हुआ, अवैध शराब की विधिवत जप्ती का पुलिस चौकी रैरूमाखुर्द थाना धरमजयगढ़ में आरोपी के विरुद्ध 34(2),59(क) छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 2002 के तहत कार्यवाही कर आरोपी को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। शराब रेड कार्यवाही में चौकी प्रभारी रैरूमाखुर्द ऐनु कुमार देवांगन, प्रधान आरक्षक चिंतामणी कुर्रे, लक्ष्मी नारायण केंवर्त, आरक्षक अमल एक्का, तुलसीराम नाग, महिला आरक्षक बबीता कुजूर का विशेष योगदान रहा।

कलेक्टर ने स्कूटी चलाकर बाईक रैली से दी मतदाता जागरूकता का संदेश : "मतदाता मन के गोठ" थीम पर किया गया दीवार लेखन

सारंगढ़-बिलाईगढ़। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी के नेतृत्व में सुबह सारंगढ़ के जनपद कार्यालय से खेलभांठा मैदान तक मतदाता जागरूकता अभियान के तहत बाईक रैली का शुभारंभ किया गया। कलेक्टर ने बाइक चलाकर रैली का नेतृत्व की और नागरिकों को बाइक रैली के माध्यम से मतदान जागरूकता का संदेश दिया है। यह रैली तुर्की तालाब, सोनार पारा रोड, राजापारा, नया तालाब रोड, भारतमाता चौक, गढ़ चौक होते हुए खेलभांठा मैदान में समाप्त हुआ।

जनपद पंचायत सारंगढ़ में इस अवसर पर "मतदाता मन के गोठ" नामक थीम पर दीवार लेखन किया गया, जिसमें उपस्थित सभी आम नागरिकों, कॉलेज के विद्यार्थियों, समूह की महिलाओं ने बढ़-चढ़कर अपनी सहभागिता दी एवं मतदान हेतु प्रेरणादायक स्लोगन लिखे। डॉ सिद्दीकी ने लिखा "मतदान अवश्य करें"।

रैली समापन स्थल खेलभांठा मैदान में कलेक्टर डॉ सिद्दीकी ने उपस्थित सभी नागरिकों को मतदान हेतु शपथ दिलाई एवं शत प्रतिशत मतदान हेतु लोगों को प्रेरित करने के लिए कहा। इस अवसर पर अपर कलेक्टर निष्ठा पाण्डेय तिवारी, पंचायत नोडल हरिशंकर चौहान, सारंगढ़ जनपद सीईओ संजू पटेल, परियोजना अधिकारी युवराज पटेल, कार्यक्रम प्रबंधक संदीप तम्बोली सहित बड़ी संख्या में युवा और गणमान्य नागरिक शामिल हुए।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480